E-Mail id: - eegraminbla@gmail.com

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बलिया।

श्रीराम विहार कालोनी, बलिया

पत्रांक 1157 / जे0जे0एम0 /318 दिनांकः 24 / 07 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,

बलिया।

विषयः– पेपर कटिंग दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "हर घर नल से जल योजना एक साल से अधर बलिया के गौवापार मालीपुर में अधूरी टंकी बनी खतरा " पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "हर घर नल से जल योजना एक साल से अधर बलिया के गौवापार मालीपुर में अधूरी टंकी बनी खतरा " के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त प्रकाशित खबर विकास खण्ड नगरा के ग्राम गौवापार से सम्बन्धित है। जिसमें जल जीवन मिशन कार्यक्रम के निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना अन्तर्गत ग्राम गौवापार में जिंक एलम शिरोपरि जलाशय का स्टेजिंग, स्लैब कास्टिंग(60 प्रतिशत) निर्माण कार्य फर्म मेसर्स, M/S Gaja-GAIPL (JV), Ballia के द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्र सं0 779/टी0एस0सी0/का0ज्ञ0/2025–26 दिनांक 04.06.2025 के द्वारा योजना के डब्ल्यू0टी0पी0, इन्टेक वेल, सी0डब्ल्यू0आर0 क्लियर वाटर राइजिंग मेन, वितरण प्रणाली एवं अन्य निर्माण कार्य पूर्ण होने के दशा में जिंक एलम टैंक का स्टालेशन कर 15 दिवस के भीतर वाटर टाइटनेस का परीक्षण कराते हुये नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में वर्तमान तक जिंक एलम टैंक के शेष कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(पी0के0वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे तथा(ग्रामीण), जलापूर्ति विभाग,किसान बाजार, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य अभियंता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. जिला सूचना सम्पर्क अधिकारी, बलिया।

अधिशासी अभियन्ता

